# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
# <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–02 मई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किये रामलला के दर्शन। सरयू आरती में भी हुयीं शामिल।
- लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान हुआ तेज। बदायूं में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तो मैनपुरी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जनसभा को किया संबोधित।
- पांचवें चरण के लिये कल नामांकन का आखिरी दिन। फतेहपुर से भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति और लखनऊ से सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने किया नामांकन।

**और**

- छठे चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी। सुल्तानपुर से मेनका गांधी, आजमगढ़ से दिनेश लाल निरहुआ और धर्मेन्द यादव ने किया नामांकन।

**********

एक दिवसीय दौरे पर कल अयोध्या पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का दर्शन पूजन किया। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर प्रार्थना की और शाम को सरयू आरती में भी शामिल हुईं।

भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह पहला अयोध्या दौरा है। उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ सरयू माता की आरती की और आचमन किया। रामलला के दर्शन के बाद राष्ट्रपति कुबेरघाट भी गईं। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए हनुमानगढ़ी, रेलवे स्टेशन, राम पथ, नया घाट सहित पूरे अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, स्टार प्रचारक और प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा, रोड शो के माध्यम से लोगों का समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल बदायूं और फतेहपुर सीकरी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि भारत का मस्तक आज दुनिया में ऊंचा हो रहा है। आज भारत की बात पूरी दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पांचवीं अर्थव्यस्था बन गया है और जल्द ही भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के जसवंत नगर विधानसभा में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में जनसभा की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद रहे। जनसभा में सपा प्रमुख ने भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कोरोना के समय आपदा में अवसर का नारा देने वाले लोगों की पोल खुल गई है।

श्री यादव ने कहा कि आज हर विभाग में आउटसोर्सिंग से भर्ती हो रही है और जो भर्ती सरकार कर रही है, उनके पेपर लीक हो जा रहे हैं। देश महंगाई से परेशान है, यही वजह है कि सबने इस सरकार को हटाने का मन बना लिया है।

लखनऊ स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि अब तक के चुनावों में इंडिया गठबंधन देश के कई राज्यों में बहुत आगे है और यूपी में चौकाने वाले परिणाम नज़र आएंगे। सरकार के कामों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि सरकार को सभी विषयों पर जवाब देना चाहिए।

**********

प्रदेश के पांचवे चरण की चौदह लोकसभा सीटों के लिए नामाकन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से कल इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने प्रदेश कार्यालय से जुलूस निकाला। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के साथ ही कई बड़े नेता मौजूद रहे। वहीं मोहनलालगंज सीट से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी आर.के. चौधरी ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा मौजूद रहे।

फतेहपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन में प्रमुख रूप से उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने भी नामांकन किया। इससे पहले उन्होंने रोड–शो किया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। वहीं कौशाम्बी में कल भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने अपना नामांकन दाखिल किया।

हमीरपुर में राष्ट्रवादी जन आधार पार्टी के प्रत्याशी संजीव कुमार, राष्ट्रीय बुंदेलखंड विकास पार्टी के पारस सिंह और राष्ट्र उदय पार्टी के बृजेश कुमार पाल सहित एक निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

प्रदेश की चौदह लोकसभा सीटों पर होने वाले पांचवें चरण के लिये नामांकन की अंतिम तारीख कल है। 6 मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण के लिये मतदान 20 मई को होगा। पांचवें चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा लोकसभा सीट शामिल हैं।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में बस्ती से भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग जाति के नाम पर देश को बांटने में लगे हैं और हम सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र से चलते हैं। इससे पहले श्री ठाकुर ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन भी किये।

सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी वर्तमान सांसद मेनका गांधी ने कल अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और आशीष पटेल मौजूद रहे। नामांकन जुलूस के दौरान नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। अयोध्या–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से सांसद मेनका गांधी ने विशाल रोड शो किया, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए मेनका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार ओबीसी और एससी के आरक्षण में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने के पक्ष में नहीं है। विपक्ष इस तरह के बयान देकर देश के लोगों को भ्रमित कर रहा है।

इसके अलावा प्रयागराज संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर सीट से पार्टी प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने अपना पर्चा दाखिल किया। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन जुलूस में पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। वहीं आजमगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ और इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव ने अपना नामांकन किया। इसके अलावा जिले की लालगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर और गठबंधन से सपा प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज ने पर्चा भरा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने जनता से पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। इसके अलावा डुमरियागंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल ने और जौनपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी ने नामांकन किया।

छठे चरण में प्रदेश की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियांगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार 6 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और मतदान 25 मई को होगा।

**********

राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल उच्च शिक्षा का केन्द्र भर नही होते, यह ऊचें लक्ष्यों तथा संकल्पों को साधने की शक्ति का पावर हाउस भी होते हैं। इससे परिसर में चरित्र निर्माण तो होता ही है, भीतर की ताकत जगाने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है।

कुलाधिपति कल दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित जन समूह को वर्चुअलि संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक साल–दर–साल विद्यार्थियों का बौद्धिक, अकादमिक और शारीरिक विकास करते हैं और उन्हें उनका सामर्थ्य बताते है। उन्होंने कहा कि छात्र अपने सामर्थ्य को जान सके, इसमे शिक्षिकों की बड़ी भूमिका होती है।

**********

बहराइच जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में कल दोपहर करीब बारह बजे सरयू नहर में नहाने उतरे एक ही परिवार के चार बच्चों की डूबकर मृत्यु हो गयी। मृतकों में दो सगी बहनें हैं।

**********